Adda247
GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| Test Date | 12/08/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

Section : **General Science**

**Q.1** एक दंपति भविष्य में सगर्भता से बचने के लिए स्थायी सर्जिकल गर्भनिरोध पर विचार कर रहा है। यौन संचारित रोगों के संदर्भ में निम्नलिखित में से क्या इस उपगमन की सीमा है?

Ans
- ✔ A. संक्रमण को रोकता नहीं है
- ✘ B. मौखिक गोलियों द्वारा प्रतिवर्ती किया जा सकता है
- ✘ C. गर्भाशय क्षोभ का कारण बनता है
- ✘ D. हार्मोनल दुष्प्रभावों को बढ़ाता है

**Q.2** प्रिज्म से गुजरने के बाद सूर्य के प्रकाश के सात रंग पृथक-पृथक रूप से क्यों निर्गत होते हैं?

Ans
- ✔ A. क्योंकि कांच में विभिन्न रंग, विभिन्न चाल से गमन करते हैं
- ✘ B. क्योंकि रंग, विभिन्न दरों पर अवशोषित होते हैं
- ✘ C. क्योंकि कांच में सभी रंग, समान चाल से गति करते हैं
- ✘ D. क्योंकि प्रिज्म की आकृति कुछ रंगों को अवरुद्ध करती है

**Q.3** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ऊर्जा संरक्षण के नियम का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
- ✘ A. ऊर्जा भौतिक प्रक्रियाओं के दौरान उपयोग की जाती है और लुप्त हो जाती है।
- ✔ B. ऊर्जा को न तो उत्पन्न किया जा सकता है और न ही नष्ट; यह केवल अपना रूप परिवर्तित करती है।
- ✘ C. किसी संवृत निकाय में ऊर्जा सदैव बढ़ती है।
- ✘ D. ऊर्जा को नष्ट किया जा सकता है, लेकिन उत्पन्न नहीं किया जा सकता है।

**Q.4** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से यह व्याख्या करता है कि वायु से जल में प्रवेश करने पर ध्वनि की चाल में किस प्रकार परिवर्तन होता है?

Ans
- ✘ A. वायु से जल में प्रवेश करने पर ध्वनि की चाल कम हो जाती है
- ✘ B. जल में ध्वनि की चाल, वायु की तुलना में धीमी होती है
- ✘ C. वायु और जल दोनों में ध्वनि की चाल समान रहती है
- ✔ D. वायु से जल में प्रवेश करने पर ध्वनि की चाल बढ़ जाती है

**Q.5** परमाणु के भीतर प्रोटॉन कहाँ स्थित होते हैं?

Ans
- ✘ A. परमाणु के बाहर
- ✘ B. परमाणु कोश में
- ✘ C. इलेक्ट्रॉन अभ्र में
- ✔ D. परमाणु के नाभिक में

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

*Test. Analyze. Improve. Repeat.*

**Don't just prepare. Perform.**

Test Prime – built only for mock tests.




| 1,50,000+ | 25,000+ | 800+ | 500% |
|---|---|---|---|
| Mock Tests | Previous Year Papers | Exam Covered | Refund on Selection |

**5 lakh+** Free Quizzes | **Daily** Free PDFs | **Top Alerts** Stay Updated

## WHY TEST PRIME?

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas
- All India Rankings

- Safe & Reliable
- Trusted by Lakhs of Aspirants
- Your Success, Our Mission

**DOWNLOAD TEST PRIME**

*Your Success Partner!*

GET IT ON Google Play | Download on the App Store


Test Prime
SUCCESS GALLERY!
MEET THE ACHIEVERS
Shreya, SBI PO
Sahil, SBI PO
Srijita, SBI PO
Vikram, IBPS PO
Neeti, IBPS PO
Arya, IBPS PO
Hasan, SSC CGL
Palak, SSC CGL
Priti, UP TGT
Aniket, Bihar Stet
Shaurya, NTPC
Sarita, CTET
Gourav, NTPC
Sanni, NTPC
Abhishek, CTET
Sapna, IBPS Clerk
THEY DID IT. YOU CAN TOO
READ THEIR STORIES !

**Q.6** अभिकथन (A) और कारण (R) के दिए गए कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

**(A):** कॉपर ऑक्साइड को कार्बन के साथ गर्म करके कॉपर प्राप्त किया जा सकता है।
**(R):** कॉपर सक्रियता सीरीज़ में कम होता है और इसे साधारण तापन द्वारा अपचयित किया जा सकता है।

**Ans**
- ✗ A. A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
- ✗ B. A असत्य है, लेकिन R सत्य है।
- ✗ C. A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
- ✓ D. A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

**Q.7** एक विद्यार्थी 176 मीटर दूर स्थित ऊंची इमारत की ओर अभिमुख होकर चिल्लाता है और उसे 1 सेकंड बाद प्रतिध्वनि सुनाई देती है। इस प्रेक्षण के आधार पर वायु में ध्वनि की चाल कितनी होगी?

**Ans**
- ✗ A. 176 m/s
- ✗ B. 400 m/s
- ✓ C. 352 m/s
- ✗ D. 330 m/s

**Q.8** एक वनस्पति विज्ञानी शहर की एक इमारत के लिए जल-दक्ष ऊर्ध्वाधर उद्यान डिजाइन कर रहा है। पवन का सामना करने के लिए आलम्ब और लचीलापन प्रदान करने हेतु मुख्यत: किस सरल स्थायी ऊतक का उपयोग किया जाना चाहिए?

**Ans**
- ✗ A. मृदूतक (Parenchyma)
- ✗ B. दृढ़ ऊतक (Sclerenchyma)
- ✓ C. स्थूलकोण ऊतक (Collenchyma)
- ✗ D. बाह्यत्वचीय ऊतक (Epidermal tissue)

**Q.9** एक वैज्ञानिक वन जीवों को पहले उनकी आहार आदतों के अनुसार और फिर उनके पर्यावास के अनुसार वर्गीकृत करता है। इस बहु-मानदंड वर्गीकरण उपागम का मुख्य लाभ क्या है?

**Ans**
- ✗ A. यह समूहों की संख्या को कम करता है
- ✓ B. यह कार्यात्मक संबंधों को प्रकट करता है
- ✗ C. यह वर्गिकी को सरल बनाता है
- ✗ D. यह आनुवंशिक समरूपता पर केंद्रित है

**Q.10** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, संतृप्त कार्बन यौगिक का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

**Ans**
- ✗ A. एक संतृप्त कार्बन यौगिक में कार्बन परमाणुओं के बीच कम से कम एक त्रि-आबंध होता है।
- ✗ B. एक संतृप्त कार्बन यौगिक की संरचना में एक बेन्जीन वलय होता है।
- ✗ C. एक संतृप्त कार्बन यौगिक में कार्बन परमाणुओं के बीच कम से कम एक द्वि-आबंध होता है।
- ✓ D. एक संतृप्त कार्बन यौगिक में कार्बन परमाणुओं के बीच केवल एकल आबंध होते हैं।

**Q.11** कौन-सा रासायनिक प्रक्रम, मुख्यत: तैलीय खाद्य पदार्थों में अप्रिय गंध और स्वाद का कारण बनता है?

**Ans**
- ✗ A. एंजाइमों की क्रिया
- ✓ B. वसा और तेलों का ऑक्सीकरण
- ✗ C. शर्करा का किण्वन
- ✗ D. जल का वाष्पीकरण

**Q.12** एक विद्यार्थी एथेनॉल को क्षारीय पोटेशियम परमैंगनेट के साथ गर्म करता है। कौन सा अवलोकन इस बात की पुष्टि करता है कि ऑक्सीकरण प्रक्रिया हुई?

**Ans**
- ✗ A. जलने की गंध वाली गैस का उत्सर्जन
- ✓ B. $KMnO_4$ का बैंगनी रंग फीका पड़ जाता है और एक तीखी गंध वाला तरल पदार्थ बन जाता है।
- ✗ C. एक मीठी सुगंध वाले एस्टर का निर्माण
- ✗ D. रंग या गंध में कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

Adda247

| Q.13 | एक नए भू-पादप में संवहनी ऊतक होते हैं, लेकिन कोई फूल या बीज नहीं होता है। यह किस समूह से संबंधित है, और इस समूह को किस महत्वपूर्ण चुनौती का सामना करना पड़ता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ब्रायोफाइटा; परिवहन के लिए संवहनी ऊतकों की कमी |
| | ✗ B. एंजियोस्पर्म; बीज वातावरण के संपर्क में होते हैं |
| | ✓ C. टेरिडोफाइटा; बीजों की अनुपस्थिति प्रजनन सफलता को सीमित करती है |
| | ✗ D. जिम्नोस्पर्म; निषेचन के लिए जल पर निर्भरता |

| Q.14 | एक श्रमिक एक भारी कंक्रीट ब्लॉक को उठाने के लिए चार उत्तोलकों (levers) में से किसी एक का चयन कर रहा है। आवश्यक आयास को यथासंभव कम करने के लिए, श्रमिक को किस उत्तोलक का चयन करना चाहिए? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. आयास भुजा = 50 cm, लोड भुजा = 25 cm |
| | ✓ B. आयास भुजा = 40 cm, लोड भुजा = 10 cm |
| | ✗ C. आयास भुजा = 20 cm, लोड भुजा = 20 cm |
| | ✗ D. आयास भुजा = 30 cm, लोड भुजा = 15 cm |

| Q.15 | जंतुओं में वायवीय श्वसन के दौरान, तीन-कार्बन वाले पाइरूवेट अणु के विघटन से कार्बन डाइऑक्साइड और _______ उत्पन्न होता है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ग्लूकोज |
| | ✓ B. जल |
| | ✗ C. एथेनॉल |
| | ✗ D. लैक्टिक अम्ल |

| Q.16 | एक रोगी जो प्रायः तंबाकू उत्पादों को चबाता है, उसे निगलने में कठिनाई होती है और लगातार मुंह में छाले (mouth sores) होने लगते हैं। यह किस स्वास्थ्य संबंधी स्थिति का सबसे संभावित संकेत है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. हेपेटाइटिस |
| | ✓ B. मुंह का कैंसर |
| | ✗ C. मधुमेह |
| | ✗ D. दमा |

| Q.17 | बोर के परमाणु मॉडल के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?<br>इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर निश्चित वृत्तीय पथों में घूमते हैं जिन्हें ऊर्जा स्तर या कोश कहा जाता है।<br>किसी विशेष कक्षा में घूमने के दौरान इलेक्ट्रॉनों की ऊर्जा निरंतर बदलती रहती है।<br>ऊर्जा तभी अवशोषित या उत्सर्जित होती है जब एक इलेक्ट्रॉन एक ऊर्जा स्तर से दूसरे ऊर्जा स्तर पर जाता है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. केवल 2 और 3 सही हैं |
| | ✗ B. केवल 1 और 2 सही हैं |
| | ✗ C. सभी कथन सही हैं |
| | ✓ D. केवल 1 और 3 सही हैं |

| Q.18 | यदि किसी तार में धारा और वोल्टता दोनों की समान गुणक (same factor) से वृद्धि की जाए, तो उस तार के प्रतिरोध पर क्या प्रभाव पड़ेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. प्रतिरोध कम हो जाएगा |
| | ✓ B. प्रतिरोध अपरिवर्तित रहेगा |
| | ✗ C. प्रतिरोध में वृद्धि होगी |
| | ✗ D.<br>प्रतिरोध, गुणक में वृद्धि पर निर्भर करेगा |

Adda247

Q.19 सोडियम कार्बोनेट (वाशिंग सोडा) का उपयोग निम्नलिखित में से किस उद्योग में किया जाता है?
a. कांच
b. साबुन
c. कागज

Ans
✔ A. a, b और c
✘ B. केवल a और c
✘ C. केवल b और c
✘ D. केवल a और b

Q.20 उद्दीपन के बाद पादप के तत्काल संचलन में कौन-सा कारक योगदान नहीं करता है?

Ans
✘ A. सिग्नल अंतरण
✘ B. आकृति परिवर्तन
✘ C. जल प्रवाह
✔ D. पेशियों का संकुचन

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सा रासायनिक परिवर्तन है और भौतिक परिवर्तन नहीं है?

Ans
✘ A. जल में शर्करा विलय
✔ B. लौहे पर जंग लगना
✘ C. बर्फ का पिघलना
✘ D. जल का क्वथन

Q.22 किसी परिनालिका का उपयोग उसके अंदर रखे मृदु लोहे के टुकड़े को चुंबकित करने के लिए क्यों किया जा सकता है?

Ans
✘ A. क्योंकि परिनालिका चुंबकीय क्षेत्रों को मृदु लोहे में प्रवेश करने से रोकती है
✘ B. क्योंकि परिनालिका केवल उसके बाहर असमान क्षेत्र उत्पन्न करती है
✘ C. क्योंकि परिनालिका उसके अंदर दुर्बल और प्रकीर्ण चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करती है
✔ D. क्योंकि परिनालिका उसके अंदर प्रबल और एकसमान चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करती है

Q.23 निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति, स्थिति-समय ग्राफ पर शून्य रैखिक वेग वाली वस्तु को दर्शाती है?

Ans
✘ A. बाईं ओर से दाईं ओर बढ़ती हुई एक वक्रित रेखा
✘ B. मूल-बिंदु से अधोमुखी-प्रवणता वाली एक सीधी रेखा
✔ C. समय अक्ष के समानांतर एक क्षैतिज सीधी रेखा
✘ D. मूल-बिंदु से उर्ध्वमुखी-प्रवणता वाली एक सीधी रेखा

Q.24 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, पादपों और जंतुओं में सूचना चालन की सही तुलना करता है?

Ans
✘ A. जंतुओं में चालन का अभाव होता है
✘ B. पादप तंत्रिकाओं का उपयोग करते है
✔ C. पादपों में विशिष्टीकृत ऊतकों का अभाव होता है
✘ D. दोनों समान ऊतक का उपयोग करते है

Q.25 गति का प्रथम नियम प्राथमिक रूप से वस्तु के किस गुणधर्म का वर्णन करता है?

Ans
✘ A. संवेग
✘ B. ऊर्जा
✔ C. जड़त्व
✘ D. त्वरण

Section : **Mathematics**

Adda247

Q.26 एक व्यक्ति स्थिर जल में 8.5 km/h की चाल से नाव चला सकता है। उसे समान दूरी तय करने में धारा की विपरीत दिशा में नाव चलाने में धारा की दिशा में नाव चलाने की तुलना में दोगुना समय लगता है। धारा की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans

- ✗ A. $1\frac{7}{8}$ km/hr
- ✗ B. $4\frac{3}{4}$ km/hr
- ✗ C. $3\frac{5}{7}$ km/hr
- ✓ D. $2\frac{5}{6}$ km/hr

Q.27 संख्याओं का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म परस्पर सह-अभाज्य है?

Ans

- ✗ A. 96 और 111
- ✓ B. 101 और 77
- ✗ C. 63 और 91
- ✗ D. 24 और 51

Q.28 रमन की आय ₹68,500 है। वह अपनी आय के 22.5% की बचत करता है। यदि उसकी आय में 14% की वृद्धि होती है और व्यय में 40% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में _______ होगी।

Ans

- ✓ A. ₹11,645 की कमी
- ✗ B. ₹11,647 की कमी
- ✗ C. ₹11,647 की वृद्धि
- ✗ D. ₹11,642 की वृद्धि

Q.29 यदि ₹550 की राशि 16% वार्षिक ब्याज दर पर 3.5 वर्षों के लिए उधार ली जाती है, तो साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans

- ✗ A. 358
- ✗ B. 408
- ✗ C. 288
- ✓ D. 308

Q.30 यदि $x + y = 5$ और $\frac{1}{x} + \frac{1}{y} = \frac{20}{9}$ है, तो $x^3 + y^3$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

- ✗ A. $\frac{356}{7}$
- ✓ B.
- ✗ C. $\frac{365}{3}$
- ✗ D.

Q.31 निम्नलिखित को सरल कीजिए।

Ans

- ✓ A. 2
- ✗ B. 4
- ✗ C. 8
- ✗ D. 1

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

**Q.32** $\dfrac{\sqrt{1+\sin 4\theta}}{\sqrt{1-\sin 4\theta}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. $\sec 4\theta - \tan 4\theta$
- ✗ B. $-\sec 4\theta + \tan 4\theta$
- ✓ C. $\sec 4\theta + \tan 4\theta$
- ✗ D. $\tan 4\theta + \cot 4\theta$


**Q.33** कौशल ने 114 km/h की चाल से 1 घंटा 40 मिनट यात्रा की। समान दूरी को 5 घंटे में तय करने के लिए उसे किस चाल (km/h में) से यात्रा करनी चाहिए?

**Ans**
- ✗ A. 41
- ✗ B. 40
- ✗ C. 35
- ✓ D. 38

**Q.34** ₹2,500 की धनराशि पर 6% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से (वार्षिक रूप से संयोजित) 2 वर्षों के लिए अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज की गणना कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. ₹312
- ✓ B. ₹309
- ✗ C. ₹300
- ✗ D. ₹306

**Q.35** दी कृति में है ∠???? का मान ज्ञात कीजिए।




**Ans**
- ✗ A. $38°$
- ✓ B. $138°$
- ✗ C. $142°$
- ✗ D. $42°$

**Q.36** अरविंद ने कोई वस्तु ₹x में खरीदी। उसने इसे बीरू को 20% की हानि पर बेच दिया। बीरू ने इसके परिवहन पर ₹140 खर्च किए और इसे मीनू को 46% के लाभ पर बेच दिया। यदि मीनू ने इसे ₹1,752 में खरीदा, तो x का मान कितना होगा?

**Ans**
- ✗ A. 1,356
- ✗ B. 1,357
- ✗ C. 1,344
- ✓ D. 1,325

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.37** निम्नलिखित तालिका में एक कंपनी द्वारा विभिन्न शहरों में बेचे गए लैपटॉप की संख्या और प्रति लैपटॉप मूल्य को दर्शाया गया है।

| शहर | सेल किए गए लैपटॉप | प्रति लैपटॉप मूल्य (₹) |
|---|---|---|
| दिल्ली | 120 | 45,000 |
| मुंबई | 150 | 48,000 |
| चेन्नई | 100 | 42,000 |
| कोलकाता | 130 | 46,000 |

चेन्नई और कोलकाता में लैपटॉप बिक्री से हुई कुल संप्राप्ति (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. 1,01,80,000
- ✗ B. 1,03,80,000
- ✗ C. 1,04,80,000
- ✗ D. 1,02,80,000

**Q.38** यदि निम्नलिखित बंटन का माध्य 50 है, तो (4x + 9y) का मान कितना होगा?

| वर्ग | 0-20 | 20-40 | 40-60 | 60-80 | 80-100 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारम्बारता | 5 | 17 | x | 7 | y | 41 |

**Ans**
- ✗ A. 108
- ✗ B. 103
- ✗ C. 87
- ✔ D. 98

**Q.39** एक कुकर का अंकित मूल्य चार दुकानों - I, II, III और IV पर एकसमान है। कुकर के अंकित मूल्य पर दुकान I, 28% और 93% की दो क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान II, 41% और 13% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान III, 19% और 67% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है और दुकान IV, 31%, 59% और 25% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है। कौन-सी दुकान कुकर को सबसे कम कीमत पर बेच रही है?

**Ans**
- ✔ A. I
- ✗ B. IV
- ✗ C. III
- ✗ D. II

**Q.40** 20 विद्यार्थियों के औसत अंक 60 हैं, तथा अन्य 30 विद्यार्थियों के औसत अंक 80 हैं। प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा प्राप्त संयुक्त औसत अंक कितने है?

**Ans**
- ✗ A. 74
- ✔ B. 72
- ✗ C. 70
- ✗ D. 68

**Q.41** एक धनराशि पर 20% वार्षिक दर (अर्धवार्षिक रूप से संयोजित) से ब्याज प्राप्त होता है। 1 जनवरी को ₹4,000 और उसी वर्ष 1 जुलाई को ₹5,500 का निवेश किया जाता है। वर्ष के अंत में अर्जित कुल ब्याज ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. ₹1,390
- ✗ B. ₹1,240
- ✗ C. ₹1,350
- ✗ D. ₹1,280

**Q.42** यदि एक समपंचभुज की भुजा (cm में) 18 और 27 के HCF के बराबर है, तो पंचभुज का परिमाप (cm में) कितना है?

**Ans**
- ✗ A. 54
- ✗ B. 27
- ✗ C. 36
- ✔ D. 45

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.43 7 cm त्रिज्या और 28 cm ऊँचाई वाले धातु के एक ठोस लंब वृत्तीय शंकु को पिघलाकर गोले के आकार में ढाला जाता है। बने हुए गोले की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 6 cm
- ✗ B. 8 cm
- ✗ C. 9 cm
- ✓ D. 7 cm

Q.44 यदि $\frac{\sec\theta + \tan\theta}{\sec\theta - \tan\theta} = 5\frac{3}{13}$ है, तो $\sin\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. $\frac{55}{81}$
- ✗ B. $\frac{45}{81}$
- ✗ C. $\frac{29}{81}$
- ✗ D. $\frac{23}{81}$

Q.45 किसी आंकड़ा-समुच्चय (dataset) का माध्य उसके बहुलक से 6 अधिक है। यदि माध्यिका 24 है, तो माध्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 26
- ✗ B. 30
- ✗ C. 28
- ✗ D. 24

Q.46 X और Y क्रमशः Rs. 70,000 और Rs 50,000 के निवेश के साथ साझेदारी शुरू करते हैं। 6 महीने बाद, Y अतिरिक्त Rs 20,000 का निवेश करता है। यदि एक वर्ष के बाद कुल लाभ Rs 58,500 है, तो Y का हिस्सा कितना होगा?

Ans
- ✗ A. Rs 25,000
- ✓ B. Rs 27,000
- ✗ C. Rs 24,000
- ✗ D. Rs 29,000

Q.47 दो उम्मीदवारों के बीच हुए चुनाव में, वैध वोटों का 59% प्राप्त करने वाले उम्मीदवार ने 450 वोटों के बहुमत से जीत हासिल की। कुल वैध वोटों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 2540
- ✗ B. 2456
- ✗ C. 2350
- ✓ D. 2500

Q.48 A किसी कार्य को 6 दिनों में, B उसे 8 दिनों में और C उसे 24 दिनों में पूरा कर सकता है। यदि तीनों एक साथ मिलकर कार्य करते हैं और C, 3 दिन बाद कार्य छोड़ देता है, तो कार्य कुल कितने दिनों में पूरा होगा?

Ans
- ✗ A. 2.5 दिन
- ✗ B. 2 दिन
- ✗ C. 1.5 दिन
- ✓ D. 3 दिन

Q.49 यदि दिया गया है कि $27^{0.48} = x$, $27^{0.86} = y$ और $x^z = y^{10}$ है, तो z का सन्निकट मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 18.65
- ✗ B. 17.02
- ✓ C. 17.92
- ✗ D. 20.86

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.50** दो संख्याओं का अनुपात 3 : 5 है। यदि पहली संख्या 24 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 36
- ✓ B. 40
- ✗ C. 38
- ✗ D. 42

Section : **General Intelligence and Reasoning**

**Q.51** वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. PSW
- ✗ B. ZCG
- ✓ C. KOR
- ✗ D. MPT

**Q.52** एक निश्चित कूट भाषा में, 'YCMI' को '174' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'PSXE' को '132' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'LAMU' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✓ A. 183
- ✗ B. 187
- ✗ C. 172
- ✗ D. 176

**Q.53** नीचे दी गई संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) 6 5 2 9 4 4 5 7 7 6 3 2 1 8 8 3 8 7 3 6 3 3 5 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक और ठीक बाद एक सम अंक है?

Ans
- ✓ A. दो
- ✗ B. एक भी नहीं
- ✗ C. एक
- ✗ D. तीन

Adda247

**Q.54** राकेश की रैंक अपनी कक्षा में शीर्ष से 56वीं और नीचे से 12वीं है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✗ A. 68
- ✗ B. 65
- ✗ C. 66
- ✓ D. 67

**Q.55** सात विद्यार्थी, I, J, K, P, Q, R और Z, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
R और Q के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। J और Z के बीच केवल पांच व्यक्ति बैठे हैं। R, Z के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। K, I के बाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन P के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है।
पंक्ति के बाएँ छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. R
- ✗ B. I
- ✓ C. K
- ✗ D. Q

Q.56 शब्द VOTABLE के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर समूह में बाएं से पांचवें अक्षर और दाएं से पहले अक्षर के बीच, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 8
- ✗ C. 4
- ✓ D. 6

Q.57 G, H की माता है। H, I की पत्नी है, I, J का पिता है। G का J से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. माता
- ✗ B. पिता की माता
- ✗ C. बहन
- ✓ D. माता की माता

Q.58 निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।)

(बाएं) A 4 & P % 7 @ 8 T 6 & K 2 R 5 # 3 Ω E C D (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक प्रतीक है?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. दो
- ✓ C. तीन
- ✗ D. कोई भी नहीं

Q.59 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है:
NAP KIT GUN DRY
यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. दो
- ✓ C. एक भी नहीं
- ✗ D. चार

Q.60 शहर L, शहर P के पश्चिम में है। शहर N, शहर P के उत्तर में है। शहर S, शहर N के पश्चिम में है। शहर M, शहर S के दक्षिण में है। शहर L, शहर M के उत्तर-पश्चिम में है। शहर L के सापेक्ष शहर S की स्थिति क्या है?

Ans
- ✓ A. उत्तर-पूर्व
- ✗ B. दक्षिण-पश्चिम
- ✗ C. उत्तर-पश्चिम
- ✗ D. दक्षिण-पूर्व

Q.61 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
'A % B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'M – N % P + S × T' है, तो M का T से क्या संबंध है?

Ans
- ✓ A. पुत्र की पत्नी के पिता का भाई
- ✗ B. पुत्र की पत्नी के पिता का पिता
- ✗ C.
पुत्र की पत्नी का भाई
- ✗ D. पुत्र की पत्नी का पिता

Q.62 यदि ‘A’ का अर्थ ‘÷’ है, ‘B’ का अर्थ ‘×’ है, ‘C’ का अर्थ ‘+’ है और ‘D’ का अर्थ ‘–’ है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

20 D 66 A 3 C 10 B 9 = ?

Ans
- ✗ A. 87
- ✗ B. 85
- ✓ C. 88
- ✗ D. 86

Q.63 एक निश्चित तरीके से, NZ 15 का संबंध PY 4 से है। उसी तरीके से, EL 8 का संबंध GK -3 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए OQ 18 का संबंध निम्नलिखित में से किससे होगा?

Ans
- ✗ A. PU 8
- ✓ B. QP 7
- ✗ C. GT 4
- ✗ D. GR 6

Q.64 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। प्रत्येक संख्याओं के समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों में प्रयुक्त संक्रियाओं के समान समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है। उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
76 - 456 - 423 ;
85 - 510 - 477

Ans
- ✗ A. 68 - 408 - 373
- ✗ B. 71 - 426 - 383
- ✓ C. 93 - 558 - 525
- ✗ D. 55 - 360 - 330

Q.65 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
PET HUS DOG THY
प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है। इस प्रकार निर्मित कितने अक्षर-समूहों में, कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans
- ✗ A. दो
- ✗ B. चार
- ✓ C. तीन
- ✗ D. एक

Q.66 FILCHED शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर समूह में, बाईं ओर से चौथे अक्षर और दाईं ओर से तीसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✗ A. दो
- ✓ B. एक
- ✗ C. तीन
- ✗ D. चार

Q.67 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. IO - NT
- ✗ B. MS - RX
- ✓ C. KQ - JI
- ✗ D. LR - QW

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.68 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

OUF LSE IQD ? CMB

Ans
- ✗ A. FTR
- ✓ B. FOC
- ✗ C. KJU
- ✗ D. GTF

Q.69 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।
(बाएं) \ ^ 8 / 1 1 % 4 % 3 \ ? / 2 / @ 7 ? @ @ $ (दाएं)
ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक और संख्या तथा ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✗ B. तीन
- ✗ C. दो
- ✓ D. एक

Q.70 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी फूल, पौधे हैं।
कुछ पौधे, पेड़ हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ पेड़, फूल हैं।
(II) सभी फूल, पेड़ हैं।

Ans
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं
- ✓ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Q.71 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
सभी शुतुरमुर्ग, कीवी हैं।
कोई शुतुरमुर्ग, कबूतर नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई कीवी, कबूतर नहीं है।
(II) कुछ कबूतर, शुतुरमुर्ग हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✓ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Q.72 रमन अपनी कक्षा में ऊपर से 15वें स्थान पर और नीचे से 10वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में विद्यार्थियों की कुल संख्या कितनी है?

Ans
- ✗ A. 25
- ✓ B. 24
- ✗ C. 23
- ✗ D. 22

| Q.73 | एक निश्चित तर्क के अनुसार, 31 का संबंध 62 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 26 का संबंध 52 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 4 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 7<br>✓ B. 8<br>✗ C. 3<br>✗ D. 5 |

| Q.74 | A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।<br>C के बाईं ओर से गिनने पर, F और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D, E के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। B, E के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। B, F के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। G, D का निकटतम पड़ोसी है।<br>C के दाईं ओर से गिनने पर, A और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 3<br>✗ B. 4<br>✗ C. 1<br>✓ D. 2 |

| Q.75 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>227 C 135 A 9 B 5 D 89 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 158<br>✓ B. 213<br>✗ C. 206<br>✗ D. 205 |

| Q.76 | आठ डिब्बे, A, B, C, D, E, F, G और H, एक-दूसरे के ऊपर रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों।<br>A को शीर्ष से तीसरे स्थान पर रखा गया है। D और A के बीच केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं। C और G के बीच केवल F रखा गया है। C और H के बीच केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। B को G के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है।<br>A और G के बीच ठीक कितने डिब्बे रखे गए हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. तीन<br>✗ B. एक<br>✗ C. चार<br>✓ D. दो |

| Q.77 | एक निश्चित तरीके से, JJ 8 का संबंध LF -1 से है। उसी तरीके से, UP 5 का संबंध WL -4 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए QQ 12 का संबंध निम्नलिखित में से किससे होगा? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. SM 3<br>✗ B. HJ 4<br>✗ C. FR 2<br>✗ D. WR 1 |

| Q.78 | यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '-' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नांकित समीकरण में प्रश्न चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?<br>12 P 6 R (40 Q 8) P 7 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 21<br>✗ B. 59<br>✓ C. 37<br>✗ D. 44 |

Q.79 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

53 56 62 71 83 98 ?

Ans
- ✗ A. 113
- ✗ B. 124
- ✓ C. 116
- ✗ D. 121

Q.80 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

KNU : HPX
GPP : DRS

Ans
- ✗ A. FNH : CPJ
- ✗ B. QLJ : NNL
- ✗ C. YVQ : VWT
- ✓ D. KJE : HLH

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 अप्रैल 2026 में निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय उद्यान में भारतीय मूल की मादा चीता ने जंगल में चार शावकों को जन्म दिया?

Ans
- ✓ A. कूनो राष्ट्रीय उद्यान
- ✗ B. कान्हा राष्ट्रीय उद्यान
- ✗ C. सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान
- ✗ D. बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान

Q.82 2026 में किस भारतीय तैराक ने श्रीलंका और भारत के बीच 29 किलोमीटर लंबी पाक जलडमरूमध्य (Palk Strait) को अपने आयु वर्ग में सबसे कम आयु और सबसे तेज तैराक के रूप में पार करके इतिहास रचा?

Ans
- ✗ A. साजन प्रकाश
- ✓ B. ईशांक सिंह
- ✗ C. श्रीहरि नटराज
- ✗ D. विर्धवाल खाडे

Q.83 भारत में वार्षिक समारोहों के संदर्भ में, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 के लिए आधिकारिक रूप से कौन-सी थीम घोषित की?

Ans
- ✓ A. वीमेन इन साइंस: कैटेलाइजिंग विकसित भारत (Women in Science: Catalyzing Viksit Bharat)
- ✗ B. एम्पावरिंग यूथ थ्रू साइंस (Empowering Youth through Science)
- ✗ C. साइंस फॉर रूरल डेवलपमेंट (Science for Rural Development)
- ✗ D. इनोवेटिंग फॉर सस्टेनेबल इंडिया (Innovating for Sustainable India)

Q.84 निम्नलिखित में से किस तकनीक को, मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ (HQ IDS) द्वारा मई 2026 में, मानव और बाह्य डिवाइसों के बीच प्रत्यक्ष संचार को संभव बनाने की क्षमता के लिए रेखांकित किया गया था?

Ans
- ✗ A. क्वांटम कम्युनिकेशन नेटवर्क (QCN) सिस्टम
- ✓ B. ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (BCI) सिस्टम
- ✗ C. एकीकृत बैटलफील्ड सेंसर (IBS) सिस्टम
- ✗ D. सैटेलाइट नेविगेशन इंटरफेस (SNI) सिस्टम

Adda247

Adda247 | GET IT ON Google Play

**Q.85** जनवरी 2026 में यूरोपीय नेताओं की भारत यात्रा के दौरान आयोजित सोलहवें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में किस समझौते की संयुक्त रूप से घोषणा की गई थी, जो दोनों क्षेत्रों के बीच आर्थिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है?

Ans
- ✗ A. भारत–यूरोपीय संघ एकीकृत सैन्य कमान संधि
- ✗ B. भारत–यूरोपीय संघ सामान्य मुद्रा एकीकरण संधि
- ✓ C. भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता
- ✗ D. भारत–यूरोपीय संघ बहुपक्षीय परमाणु आपूर्ति समझौता

**Q.86** भारत ने आपदा अलर्ट में सुधार करने के लिए 2026 में सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम (CBS) लॉन्च किया। चक्रवात के खतरे के दौरान, कौन-सा CBS फीचर अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्र में सभी को तुरंत चेतावनी देने हेतु सक्षम बनाता है?

Ans
- ✓ A. जियो-टारगेटेड ब्रॉडकास्टिंग (Geo-targeted broadcasting)
- ✗ B. इंडिविजुअल कॉल रूटिंग (Individual call routing)
- ✗ C. मैनुअल मैसेज फ़ॉरवर्डिंग (Manual message forwarding)
- ✗ D. सैटेलाइट इमेज शेयरिंग (Satellite image sharing)

**Q.87** डैनियल क्रौस (Daniel Kraus) के किस उपन्यास ने कथा-साहित्य के लिए 2026 पुलित्जर पुरस्कार जीता — जिसे प्रथम विश्व युद्ध की ऐसी कहानी के रूप में वर्णित किया गया है जिसमें रूपक, जादुई यथार्थवाद और विज्ञान कथा का मिश्रण है, जिसे विशिष्ट रूप से एकल वाक्य में कहा गया है?

Ans
- ✗ A. ऑडिशन (Audition)
- ✓ B. एंजल डाउन (Angel Down)
- ✗ C. व्हेल फॉल (Whalefall)
- ✗ D. विजिल (Vigil)

**Q.88** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा महिलाओं और बच्चों के जीवन को सुगम बनाने के लिए जनवरी 2026 में कौन-सा पोर्टल लॉन्च किया गया था?

Ans
- ✓ A. पंखुड़ी पोर्टल ( PANKHUDI Portal)
- ✗ B. सक्षम पोर्टल ( SAKSHAM Portal)
- ✗ C. कारा पोर्टल (CARA Portal)
- ✗ D. सचेत पोर्टल ( SACHET Portal)

**Q.89** गोवा का प्रतिनिधित्व करते हुए, भुवनेश्वर के ग्रैंड फिनाले में फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2026 का ताज किसे पहनाया गया?

Ans
- ✓ A. साध्वी सतीश सैल
- ✗ B. अनन्या नायर
- ✗ C. रिया कुमारी शर्मा
- ✗ D. प्रिया सिंह

**Q.90** मई 2026 में, आंध्र प्रदेश के कुरनूल के निकट किस संगठन ने मानव रहित हवाई वाहन से प्रक्षेपित सटीक निर्देशित मिसाइल (ULPGM)-V3 के वायु-से-सतह और वायु-से-वायु मोड में विकास परीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न किए थे?

Ans
- ✗ A. भारत डायनेमिक्स लिमिटेड
- ✗ B. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
- ✓ C. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन
- ✗ D. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड

**Q.91** RBI ने अपनी अप्रैल 2026 की द्वि-मासिक नीति में, प्राथमिक रूप से MSME को समर्थन प्रदान करने के लिए, किस प्लेटफॉर्म पर संस्थाओं को शामिल करते समय सम्यक् तत्परता (due diligence) की आवश्यकता को हटाने का प्रस्ताव रखा?

Ans
- ✗ A. फैक्टरिंग रेगुलेशन एक्ट (Factoring Regulation Act - FRA) पोर्टल
- ✗ B. नेशनल ऑटोमेटेड क्लियरिंग हाउस (National Automated Clearing House - NACH)
- ✓ C. ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम (The Trade Receivables Discounting System - TReDS)
- ✗ D. सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (Sovereign Gold Bond - SGB) स्कीम

| Q.92 | निम्नलिखित में से कौन, मार्च 2026 में प्रकाशित पुस्तक "द स्टार फ्रॉम कलकत्ता (The Star from Calcutta)" की लेखिका/के लेखक हैं? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. सुजाता मैसी<br>✘ B. शशि थरूर<br>✘ C. विक्रम संपथ<br>✘ D. रामचंद्र गुहा |

| Q.93 | अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आयोजित फाइनल में ICC पुरुष T20 क्रिकेट विश्व कप 2026 किस देश ने जीता? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. भारत<br>✘ B. ऑस्ट्रेलिया<br>✘ C. न्यूजीलैंड<br>✘ D. इंग्लैंड |

| Q.94 | आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) जनवरी-मार्च 2026 के अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर 2025 की तिमाही की तुलना में बेरोजगारी दरों में क्या बदलाव आया? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. ग्रामीण बेरोजगारी में गिरावट आई, जबकि शहरी बेरोजगारी में मामूली वृद्धि हुई।<br>✔ B. ग्रामीण बेरोजगारी में वृद्धि हुई, जबकि शहरी बेरोजगारी में मामूली गिरावट आई।<br>✘ C. तिमाही के दौरान ग्रामीण और शहरी बेरोजगारी दरें अपरिवर्तित रहीं।<br>✘ D. तिमाही के दौरान ग्रामीण और शहरी दोनों बेरोजगारी दरों में वृद्धि हुई। |

| Q.95 | जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक, 2026, जिसे अप्रैल 2026 में राष्ट्रपति की मंजूरी मिली, में छोटे अपराधों के अपराधीकरण को कम करने के लिए कितने केंद्रीय अधिनियमों में संशोधन प्रस्तावित किया गया था? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 79 केंद्रीय अधिनियम<br>✘ B. 45 केंद्रीय अधिनियम<br>✘ C. 95 केंद्रीय अधिनियम<br>✘ D. 62 केंद्रीय अधिनियम |

| Q.96 | कंप्यूटर-सहायता प्राप्त औषधि खोज में दिसंबर 2025 की अभूतपूर्व उपलब्धि के संदर्भ में, नवीन ओपन-सोर्स कम्प्यूटेशनल फ्रेमवर्क पाथजेनी (PathGennie) परंपरागत मॉलिक्यूलर डायनामिक्स (MD) सिमुलेशन की किस प्रमुख सीमा को मुख्य रूप से संबोधित करता है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. कृत्रिम बायस बलों (artificial bias forces) को शामिल किए बिना दुर्लभ अनबाइंडिंग घटनाओं को यथार्थ रूप से सिम्युलेट करने में कठिनाई<br>✘ B. क्वांटम रासायनिक गणनाओं के साथ MD सिमुलेशन की असंगतता<br>✘ C. प्रोटीन संरचना प्रत्यक्षण के दौरान अत्यधिक मेमोरी खपत<br>✘ D. शारीरिक pH के अंतर्गत ड्रग बाइंडिंग एफिनिटी (drug binding affinity) की गणना करने में असमर्थता |

| Q.97 | पैरा थ्रोबॉल नेशनल फेडरेशन कप 2026 में, महिला वर्ग में स्वर्ण पदक किसने जीता? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. महाराष्ट्र<br>✘ B. कर्नाटक<br>✘ C. राजस्थान<br>✔ D. झारखंड |

| Q.98 | मई 2026 में T20 विश्व कप खिताब सफलतापूर्वक बचाने के उपरांत, 275 रेटिंग अंकों के साथ ICC पुरुष T20I रैंकिंग में कौन-सा देश शीर्ष पर बना रहा? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. ऑस्ट्रेलिया<br>✘ B. दक्षिण अफ्रीका<br>✔ C. भारत<br>✘ D. इंग्लैंड |


Test
Prime
By Adda247
PREVIOUS YEAR
PAPERS PDF
PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!
Free
25,000+
PDF's
High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly
ATTEMPT AS
MOCK
Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.
Previous Year Papers PDF
Search
Banking
JAIIB & CAIIB
SSC
Railways
April 2026
11th Apr (Shift: 1)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
DOWNLOAD
ATTEMPT NOW
11th Apr (Shift: 1)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
DOWNLOAD
ATTEMPT NOW
11th Apr (Shift: 2)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
DOWNLOAD
ATTEMPT NOW
11th Apr (Shift: 2)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
DOWNLOAD
ATTEMPT NOW
February 2026
22nd Feb (Shift: 1)
ENGLISH
BOB Office Assistant MBT (...
Topic-wise & Exam-wise PDFs
Download & Study Offline
Attempt as Mock & Track Score
Smart Analysis & Performance
AVAILABLE IN
Banking
SSC
Railway
Teaching
UGC
Agriculture
Nursing
Bihar
UP
Punjab
WB
Odisha
TN
AP & Telangana
Haryana
DOWNLOAD TEST PRIME


Test Prime
SUCCESS GALLERY!
MEET THE ACHIEVERS
Kunal, RRB JE
Shivam, UPSSSC AGTA
Priya, ANM
KHALILUR, LDA
Manoj , PWD
Atin, JENPAS
Shatarupa, OPSC
Arpita, JENPAS
Shital, SSC JE (Mech)
Nancy, UGC NET
Atul, SSC JE (ELCT)
Rahul, SSC JE (CIVILI)
Anand, SSC JE (ELCT)
Mohan, SSC JE (ELCT)
Saurabh, UGC NET
Ved, SSC JE (Mech)
THEY DID IT. YOU CAN TOO
READ THEIR STORIES !

| | |
|---|---|
| Q.99 | 28 फरवरी 2026 को, संयुक्त राज्य अमेरिका और इज़राइल ने सत्ता परिवर्तन के घोषित लक्ष्य के साथ, किस देश के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को लक्षित करते हुए सैन्य हमले शुरू किए? |
| Ans | ✗ A. इराक (Iraq)<br>✗ B. यमन (Yemen)<br>✓ C. ईरान (Iran)<br>✗ D. सीरिया (Syria) |

| | |
|---|---|
| Q.100 | कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय की ओर से लोकसभा में दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026 को विचार और पारित करने के लिए किसने प्रस्तुत किया? |
| Ans | ✗ A. केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल<br>✗ B. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण<br>✗ C. कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री पीयूष गोयल<br>✓ D. कॉर्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा |

"